हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 जनवरी 2024

9 152-डी पर कट का मिला आश्वासन, ग्रामीणों में खुशी



10 नर्सिंग ऑफिसर गैरहाजिर दूसरा नशे में धुत, सुपरवाइजर भी नहीं मिला





## खबर संक्षेप



कनीना। धनौदा में गौशाला समिति व सरपंच को चेक प्रदान करते विधायक सीताराम यादव। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने दयाल गोशाला धनौंदा को दिए 2.92 लाख

**कनीना।** हलका विधायक सीताराम यादव ने शुक्रवार को धनौंदा स्थित बाबा दयाल गौशाला समिति को 2.92 लाख रुपये का चेक सरपंच बिननो देवी, बीरसिंह, गौशाला प्रधान पूर्णसिंह को सौंपा। विधायक सीताराम ने कहा कि प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी नीतियों को अमली जामा पहनाने में जुटी हुई है। ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा कार्यों में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने गौशाला विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू कर रखी है। सरकार गायों और गौशालाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्य कर रही है। इस मौके पर सत्यवीर सिंह यादव, अतर सिंह मंडल अध्यक्ष, विनोद कुमार, राजेन्द्र भारद्वाज, रतन सिंह तंवर, राजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।



### दशमेश नगर में मनाया गुरु गोबिंद जन्मोत्सव

**नारनौल।** गुरुद्वारा दशमेश नगर में गुरु गोबिंद सिंह साहिब के प्रकाश उत्सव का जन्मदिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शब्द कीर्तन किया गया, जिसमें मनजीत सिंह, बिजेंद्र सिह, प्रीत्तम सिंह, प्रभ सिमरन कौर व कथा वाचक बाबा गुरुप्रीत सिंह करनाल वाले प्रमुख रूप से मौजूद थे। कथा वाचक बाबा गुरुप्रीत सिंह ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने सनातन धर्म की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। इससे पूर्व शहर में नगर कीर्तन निकाला गया और जगह-जगह प्रसाद बांटा।

### राजपूत महासभा का मिलन समारोह कल

**रेवाड़ी।** राजपूत महासभा की ओर से नव वर्ष के उपलक्ष्य में एनएच-48 स्थित साबन चौक बावल के पास रॉयल ढाबे पर 7 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे राजपूत मिलन समारोह का आयोजन जा रहा है। महासभा के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी, बुद्धिजीवी व शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में समाज के विकास पर चर्चा की जाएगी।

### ट्रेने निर्धारित समय पर होगी संचालित

**रेवाड़ी।** उत्तर रेलवे ने फिरोजपुर मंडल के बद्दोवाल-मुल्लांपुर रेलखंड पर लुधियाना-मुल्लांपुर स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य स्थगित कर दिया है। इससे प्रभावित रेलसेवाएं अपने निर्धारित मार्ग व समय अनुसार चलेंगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 19612 अमृतसर-अजमेर रेलसेवा 9, 11, 16 व 18 जनवरी को अमृतसर से अपने निर्धारित मार्ग व समय सारणी अनुसार संचालित होगी।

# सुपर-100 व मिशन बुनियाद के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ

■ सुपर-100 में चयनित विद्यार्थियों को 11वीं व 12वीं कक्षा में दो साल तक नीट व आईआईटी की कोचिंग दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्कूली शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना सुपर-100 व मिशन बुनियाद के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। सुपर-100 के लिए जहां सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत दसवीं कक्षा के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, वहीं मिशन बुनियाद के लिए आठवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। सुपर-100 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी तथा मिशन बुनियाद के लिए 25 जनवरी निर्धारित की गई है। सुपर-100 में चयनित विद्यार्थियों को 11वीं व 12वीं कक्षा में दो साल तक नीट व आईआईटी की कोचिंग दी जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। विभाग की तरफ से खंड स्तर पर सेमिनार का आयोजन करके अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण कराने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

#### पंजीकरण करवाना अनिवार्य

सुपर-100 की प्रवेश परीक्षा दो लेवल में आयोजित होगी। दसवीं कक्षा में वर्तमान सत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पंजीकरण कराना है। गत सत्र में नौवीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक वाले विद्यार्थियों को सुपर-100 के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। सुपर-100 लेवल-1 की परीक्षा 200 अंकों की होगी, जिसमें 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न चार अंक का होगा और परीक्षा दो घंटे की होगी। हर गलत उत्तर के लिए एक नेगेटिव मार्किंग रहेगी। लेवल-एक की परीक्षा उत्तीर्ण करके बाद विद्यार्थियों को तीन दिवसीय कैंपस प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें गणित, विज्ञान पढ़ाई जाएगी और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता का आंकलन किया जाएगा। उसके आधार पर परीक्षा लेकर उनका चयन किया जाएगा।



महेंद्रगढ़। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

#### दो घंटे की होंगी परीक्षा

मिशन बुनियाद की प्रवेश परीक्षा तीन लेवल पर होगी। आठवीं कक्षा में वर्तमान सत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पंजीकरण कराना हैं। गत सत्र में सातवीं कक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक वाले विद्यार्थियों को सुपर-100 के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। मिशन बुनियाद लेवल-एक व दो की परीक्षा 200 अंकों की होगी, जिसमें 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न चार अंक का होगा और परीक्षा दो घंटे की होगी। हर गलत उत्तर के लिए एक नेगेटिव मार्किंग रहेगी। लेवल तीन की परीक्षा 20 अंकों की होगी, जिसमें पांच प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न चार अंक का होगा। यह परीक्षा आधे घंटे की होगी और निगरानी में आयोजित होगी।

*खंड शिक्षा अधिकारी अलका ने बताया कि सुपर-100 व मिशन बुनियाद के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। स्कूल मुखिया अधिक से अधिक विद्यार्थियों के पंजीकरण कराएं। खंड स्तर पर सेमिनार का आयोजन करके विद्यार्थियों का पंजीकरण कराने के लिए जागरूक भी किया जाएगा।*

#### सुपर-100 का शेड्यूल

| गतिविधि | तिथि |
|---|---|
| पंजीकरण की अंतिम तिथि | 31 जनवरी |
| लेवल-1 परीक्षा | छह फरवरी |
| लेवल-1 परिणाम | 15 मार्च |
| लेवल-2 परीक्षा | नौ अप्रैल |
| लेवल-2 परिणाम | सात मई |
| कक्षाएं आरंभ | 15 मई |

#### मिशन बुनियाद का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पंजीकरण की अंतिम तिथि | 25 जनवरी |
| लेवल-1 परीक्षा | 30 जनवरी |
| लेवल-1 परिणाम | 20 फरवरी |
| लेवल-2 परीक्षा | 29 फरवरी |
| लेवल-2 परिणाम | 11 मार्च |
| लेवल-3 परीक्षा | 20 मार्च |
| लेवल-3 परिणाम | तीन मई |
| कक्षाएं आरंभ | 15 मई |

### उप मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन किए नौ गांवों के दौरे

# विकास कार्यों के लिए प्रति व्यक्ति 2 हजार प्रतिवर्ष पंचायत के खाते में भेजे

- मुख्यमंत्री किसान खेत सड़क मार्ग योजना से तीन व चार करम के मार्ग होंगे पक्के
- सामुदायिक भवन के लिए पंचायत दो-तीन एकड़ जमीन का प्रस्ताव भिजवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जनसभा को संबोधित करके उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार ग्रामीण विकास पर विशेष फोकस कर रही है। सभी ग्राम पंचायतों में विकास कायार्ें के लिए प्रति व्यक्ति दो हजार रुपये प्रतिवर्ष पंचायत के खाते में भेजे जाएंगे। ग्राम पंचायत अपने हिसाब से गांवों का विकास करवा सकती। डिप्टी सीएम शुक्रवार को अपने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन गांव सिहमा, मेई, नूनी कलां, शहरपुर, बड़गांव, बड़कोदा, ताजीपुर, चिंडालिया व डोहर कलां में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में प्राथमिकता के आधार पर एक समान विकास कार्य करवाए हैं। इसी की बदौलत आज हरियाणा देश में खेल, उद्योग और कर संग्रहण में अग्रणी श्रेणी में खड़ा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से नारनौल-दादरी सड़क मार्ग के कारण जिला महेंद्रगढ़ पिछड़ापन का दंस झेल रहा था। बीजेपी-जेजेपी सरकार ने 300 करोड़ रुपये खर्च करके इस मार्ग को प्राथमिकता दी और आज यह कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में राज्य ने देश के अन्य राज्यों को नई राह दिखाई है। हरियाणा में 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा 19 फसलें भावांतर भरपाई योजना से खरीदी जा रही है।

सरकार ने 600 प्रकार की योजनाओं व सेवाओं को ऑनलाइन करके नागरिकों को बहुत बड़ी राहत दी है। अब नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ती। पहले किसान को एक फर्द लेने के लिए भी कई माह पटवारी के चक्कर काटने पड़ते थे, अब आज एक क्लिक पर फर्द उपलब्ध है।

डिप्टी सीएम के सामने विभिन्न गांवों में श्मशान घाट, ई-लाइब्रेरी तथा विभिन्न रास्तों से संबंधित मांगे उठाई। श्मशान घाट के संबंध में उन्होंने कहा कि शिवधाम योजना से यह काम करवा दिया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएंगी। जगह उपलब्ध करवाने पर ई-लाइब्रेरी का निर्माण करवा दिया जाएगा। इसी प्रकार रास्तों की मांग के संबंध में उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत इनका प्रस्ताव भेजें। सामुदायिक भवन के लिए पंचायत दो-तीन एकड़ जमीन का प्रस्ताव दें। इस मौके पर नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, तेजप्रकाश एडवोकेट, प्रवक्ता सिकंदर गहली, हलका अध्यक्ष भोजराज यादव, हलका अध्यक्ष दीपक यादव व नवीन राव इत्यादि मौजूद रहे।

#### किसान खेत सड़क योजना से मार्ग मजबूत

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गांवों में सभी छोटे मार्ग को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री किसान खेत सड़क मार्ग योजना शुरू की है। योजना के प्रथम चरण के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में तीन व चार करम के 25 किलोमीटर मार्ग का कार्य किया जाएगा। सभी सड़कें आगामी पांच वर्ष में चरणबद्ध तरीके से बनने जा रही हैं। विभिन्न सड़कों की मांग पर भी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने कार्यक्रमों की अध्यक्षता की।

# राशन डिपो होल्डरों ने डिप्टी सीएम को सौंपा मांगों का ज्ञापन

■ लाइसेंस रिन्यू करने में आयु सीमा की मांगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राशन डिपो होल्डरों ने शुक्रवार को अपनी समस्या को लेकर गांव खातोद में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को एक ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा उन्होंने वर्ष 2016 में विभाग को जमा करवाई गई दाल के रुपये भेजने की मांग की। इस दौरान डिप्टी सीएम ने तुरंत प्रभाव से दाल के रुपये भेजने का आश्वासन दिया। डिपो होल्डर यूनियन प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि सरकार बुजुर्गों के सम्मान के लिए अनेक योजनाएं चल रही हैं, जिसके चलते बुजुर्गों को सरकार के प्रति विशेष लगाव है, लेकिन हरियाणा प्रदेश के बुजुर्ग डिपो धारकों को 60 वर्ष की आयु में डिपो के कार्य से मुक्त किया जा रहा है। इन बुजुर्ग डिपो धारकों के लिए कष्टपूर्ण है, यह पूर्णत स्वस्थ व अपना कर्तव्य पूर्ण निष्ठा से निभा रहे हैं। इसलिए सरकार बुजुर्ग डिपो धारकों को कार्य मुक्त कर रही है तो उन्हें सम्मानपूर्वक 15 हजार रुपये पेंशन दी जाए। पांच अगस्त 2023 को डिपो धारक से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने इसे पार्ट टाइम कार्य बताया था तथा डिपो धारकों को केवल कमीशन एजेंट माना था। इसलिए पीडीएस कंट्रोल एक्ट-2022 में डिपो धारकों की जो आयु से की है, उसमें छूट प्रदान करें तथा इनका लाइसेंस नवीनीकरण करते हुए उनकी आयु सीमा 60 वर्ष समाप्त की जाए। सरकार ने डिपो धारकों का कमीशन डेढ़ रुपये से बढ़ाकर दो रुपये किया है, जो सराहनीय है। लेकिन पीडीएस कंट्रोल एक्ट-2022 में 300 राशन कार्डों पर नया डिपो बनाने का प्रावधान किया गया है। इससे डिपो धारकों की आय कम होंगी, इसलिए प्रत्येक डिपो पर 600 राशन कार्ड दिए जाए। इसके अलावा उन्होंने मांग की है कि जो भी नए राशन कार्ड बीपीएल बन रहे है उनकी जांच होनी चाहिए। इसके अलावा गांव में दिखाए गए राशन कार्ड की संख्या में गांव की पीओएस मशीन पर दर्ज राशन कार्ड की संख्या में राशन लेने वाले लाभार्थियों में काफी अंतर है। लगभग प्रत्येक गांव में 15 से 20 प्रतिशत राशन कार्ड जब से बने हैं, लेकिन आज तक दिन ये राशन कार्ड लाभार्थी राशन लेने नहीं आए हैं। डिपो धारकों की आय कम हो रही है। इसलिए इस प्रावधान को खत्म करके 600 कार्ड किया जाए। पीओएस मशीन के सॉफ्टवेयर में कमी के चलते राशन वितरण में बहुत परेशानी होती है। मशीन में राशन कार्ड नंबर दर्ज करने के बाद में अंगूठा लगाने के बाद राशन दिखाया जाता है, जिससे लाभार्थी व डिपो धारक में विवाद होते हैं।



नारनौल। फोटो : हरिभूमि जॉब मेले में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# राजकीय आईटीआई में आयोजित जॉब मेले में 26 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय आईटीआई में शुक्रवार को जॉब मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में 26 छात्रों का चयन किया गया। प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के दिशा निर्देशानुसार समय-समय पर जॉब मेलों का आयोजन किया जाता रहता है। इस मेले में निपोन स्टील पाइप इंडिया पीवीटी लिमिटेड कंपनी नीमराना ने वेल्डर, शीट मैटल, फिटर, इलैक्ट्रीशियन, टर्नर व आरएसी व्यवसाय कोर्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को ट्रेनी ऑपरेटर के तौर पर चयन किया।

शिक्षुता एवं प्लेसमेंट अधिकारी सुदर्शन कुमार ने बताया कि निपोन स्टील पाइप इंडिया पीवीटी लिमिटेड नीमराना के एचआर हैड हिमांशु राज सक्सेना व एजीएम प्रोडक्सन मैनेजर संदीप यादव ने आईटीआई पास आउट छात्रों का चयन लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से किया। सभी चयनित छात्रों को सोमवार को कपंनी की ओर से ज्वॉइन करवा दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविश्य की कामना की। उन्होंने कंपनी की तरफ से आए हुए प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर वर्ग अनुदेशक सुनील यादव, कैप्टन विरेन्द्र सेकवाल, अमित कुमार रंगा, विकास बाबू, विपिन गुप्ता, मनीश सैन आदि मौजूद थे। आईटीआई में शिक्षुता कर रहे प्रदीप कुमार, राहुल, लोकेश मेहरा, मंयक शर्मा, मोहित ने इस जॉब मेले में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव खेड़की और खायरा पहुंची

**महेंद्रगढ़।** आगामी 26 जनवरी तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को गांव खेड़की व खायरा पहुंची। गांव खेड़की में पंचायत समिति सदस्य रणबीर व खायरा में भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारणी सदस्य नवीन शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव खेड़की में गांव के सरपंच ने सबसे बुजुर्ग पुरुष हरलाल को लोई औढ़ाकर सम्मानित किया व गांव खायरा के सबसे बुजुर्ग पुरूष अमीलाल व खेड़की में गांव के स्कूल टॉपर बच्चे नैना, मंचन, प्रेरणा, महक, गरिमा, धीरज, मोनिका, शुभम, घनश्याम, मनीष, पायल, नैंसी को कॉपी-पेन देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार गांव खायरा में करुणा, वंशिका, अंशिका, गौरव, इशू, ईश्वर को सम्मानित किया। विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों की पेंशन, परिवार पहचान पत्र में त्रुटि, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, हैल्थ चेकअप आदि की सेवा दी। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से दो नागरिकों की पेंशन बनाई। उज्ज्वला योजना के तहत सात नागरिकों ने गैस कनेक्शन के लिए अप्लाई किया। स्वास्थ्य विभाग ने 507 लोगों की जांच की व 65 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए। क्रिड विभाग ने 220 फैमिली आईडी ठीक की।



महेंद्रगढ़। स्कूल के बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# बीकानेर इंटरसिटी व सैनिक एक्सप्रेस ठहराव न होने से परेशानी

■ सांसद अनेक बार लिख चुके पत्र, नहीं हो रहा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

सतनाली स्टेशन पर बीकानेर-दिल्ली इंटरसिटी एवं दिल्ली-जयपुर सैनिक एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने से यात्री परेशान हैं। सतनाली स्टेशन पर इन गाड़ियों के ठहराव के लिए क्षेत्रवासी लंबे समय से मांग कर रहे हैं और सांसद चौ. धर्मबीर सिंह भी अनेक पत्र लिख चुके है, लेकिन ठहराव नहीं दिया जा रहा है। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



सतनाली मंडी। रेलवे स्टेशन।

सतनाली रेल संघर्ष समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत ने बताया कि सतनाली रेलवे स्टेशन से हरियाणा व राजस्थान के सैनिक बाहुल्य 80 गांवों के यात्री यात्रा करते हैं। उन्होंने बताया कि सतनाली स्टेशन पर भारी संख्या में यात्रियों का आवागमन है और उल्लेखनीय यात्रीआय व यात्रीभार है। उन्होंने बताया कि 22471-72 बीकानेर इंटरसिटी का ठहराव सुनिश्चित करवाने की मांग काफी पुरानी है और इसके लिए दो बाद शांतिपूर्वक धरना भी दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस गाड़ी के सतनाली ठहराव को व्यापक यात्रीहित बीकानेर मंडल की ओर स भी वाणिज्यीक रूप से औचित्यपूर्ण ठहराया जा चुका है और सांसद चौ. धर्मबीर सिंह भी अनेक पत्र लिख चुके है, लेकिन ठहराव नहीं दिया जा रहा है।

रेलवे की ओर से गाड़ी संख्या 19701-02 दिल्ली सरायरोहिल्ला-जयपुर सैनिक एक्सप्रेस का लॉकडाउन के बाद से हो रहा ठहराव वापिस ले लिया गया है, जबकि दिल्ली से लोहारू तक सतनाली से कम यात्रीभारी/आय वाले अन्य सभी ठहराव यथावत रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि सतनाली से दिल्ली व जयपुर सतनाली आने-जाने के लिए यही एकमात्र सीधी गाड़ी है। उन्होंने बताया कि बीकानेर इंटरसिटी व सैनिक एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने से परेशान क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है।

### व्यक्ति ने छह-सात युवकों पर लगाया मारपीट का आरोप

**महेंद्रगढ़।** डिफेंस कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने छह-सात युवकों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद सहित अन्य युवकों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव स्याणा हाल डिफेंस कालोनी वार्ड नंबर-14 का निवासी है तथा मेहनत-मजदूरी का काम करता है। 31 दिसबंर को वह हरजिंद्र वासी शक्ति कॉलोनी के मकान पर बाथरुम के गीजर की मरम्मत करके अपनी बाइक से घर वापिस आ रहा था। जब वह शिवजी मंदिर नजदीक पीजी सेहलंगिया कुरहावटा पर पहुंचा तो वहां पर रोड के नजदीक एक ब्रेजा गाड़ी खड़ी थी। जब उसकी बाइक ब्रेजा गाड़ी के पास पहुंची तो गाड़ी चालक ने गाड़ी को रोड पर चढ़ा दी। उसकी बाइक के आगे गाड़ी लगाकर उसको रोक लिया। इस दौरान गाड़ी से छह-सात नौजवान लड़के उतरे, जिनके हाथ में लोहे की रॉड व लाठी डंडे थे। इन युवकों ने सबसे पहले गालियां दी।

### बाघोत के ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का किया जोरदार स्वागत

# 152-डी पर कट का मिला आश्वासन, ग्रामीणों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। डिप्टी सीएम का माला पहनाकर स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव बाघोत के पास 152-डी पर कट की मांग को लेकर चल रहे धरने पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने दौरा किया। इस दौरान डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने धरने पर बैठे ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अधिकारियों को बुलाकर जल्द इसका समाधान किया जाएगा। इसके अलावा गांव बाघोत के ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम को एक मांग पत्र भी सौंपा। अटेली के युवा हलका अध्यक्ष महीपाल नंबरदार बाघोत ने बताया कि वीरवार देर शाम डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का गांव बाघोत मे पहुंचने पर स्वागत किया गया। मांग पत्र पर डिप्टी सीएम ने मौके पर अधिकारियों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम को मैन बस स्टैंड से शिव मंदिर, बागेश्वर धाम तक डबल रोड, बैंक शाखा खोलने, गंदे पानी की निकासी करना, तालाब का सौन्दर्यीकरण करना, खेल स्टेडियम में सभी सुविधा प्रदान करना, ई-लाइब्रेरी बनाना, गौशाला में टीनशेड, मेला ग्राउंड को पक्का करना, गांव से बाहर बिजली-पानी का कनेक्शन देना, पंचायत सचिवालय बनाना सहित अनेक मांग रखी। डिप्टी सीएम ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा डिप्टी सीएम ने 152-डी नेशनल हाईवे पर सेहलग-बाघोत कट समिति के साथ अधिकारियों को बुलाकर समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया। इसके बाद डिप्टी सीएम ने युवा हलका प्रधान महीपाल नंबरदार बाघोत के घर पर जलपान किया। महीपाल नंबरदार बाघोत ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का आभार जताया। इस मौके पर जेजेपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी, जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष सुविधा शास्त्री, हलका अध्यक्ष कुलदीप, युवा जिलाध्यक्ष युद्धवीर राव, पहलवान सरपंच राजेंद्र बाघोत, रेवाड़ी के युवा जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सन्नी यादव, हरिओम पोता, सरपंच नसीब, सरपंच वीरपाल स्याणा, हरिश नंबरदार, युवा प्रदेश कार्यालय सचिव नवीन राव, जोनी तंवर, नवीन उन्हाणी, लोकेंद्र नंबरदार पोता मौजूद रहे।

#### मां का जीवन में सर्वोत्तम स्थान: दुष्यंत चौटाला

**महेंद्रगढ़।** इंसान के जीवन में माता का सर्वोत्तम स्थान होता है। वह जननी के साथ-साथ पहली गुरु भी होती है। माता ही बच्चों में अच्छे संस्कार डालती है और बच्चे बड़े होकर समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उपरोक्त विचार डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा पत्रकार संघ के जिला प्रधान प्रदीप बालरोड़िया की माता की श्रद्धांजलि सभा में कहे। उन्होंने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते आत्मा की शांति व परिवार को हौसला देने की प्रार्थना की। मंच संचालन सुशील शर्मा ने किया। कांग्रेस विधायक राव दानसिंह ने कहा कि माता परिवार की धुरी होती है और पूरे परिवार को एक धागे में पिरोकर रखती है। उन्होंने कहा कि इस परिवार से मेरा वर्षों से नाता है व उनकी कमी सदैव महसूस करेंगे। वही कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन राव रामकुमार, पूर्व चेयरमैन कंवर सिंह यादव, यादव सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव, युवा नेता राजकुमार खातोद, वेद प्रचार मंडल जिला अध्यक्ष प्रेम राज यादव, आर्य समाज प्रधान भूपेंद्र यादव, ब्रह्मदेव आर्य, पूर्व प्रधान कैप्टन सुरेंद्र यादव, भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा, भाजपा युवा नेता पवन खैरवाल, व्यापारी नेता नरेश चेयरमैन, नवीन राव, बलवान फौजी, डॉ. भूपसिंह यादव, विक्रम कोका, भाविप प्रधान सुरेश सैनी, प्रेस क्लब नारनौल प्रधान असीम राव, बार प्रधान राजीव यादव, कनीना प्रधान सुनील रामबांस, पूर्व प्रधान दीपक चौधरी, कांग्रेस नेत्री बाला देवी, धोलपोस गोशाला प्रधान रवि तिवारी, समाज सेवी सुरेश शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### आईएमटी बावल में ग्रीन बेल्ट की रेलिंग चोरी

**बावल।** आईएमटी के सेक्टर-3 से चोर एचएसआईआईडीसी की ग्रीन बेल्ट में लगी 30 रेलिंग चोरी कर ले गए। कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में निगम के एजीएम अशोक कुमार ने बताया कि ग्रीन बेल्ट की दीवार पर लोहे की रेलिंग लगाई हुई है। चोर पिलर तोड़कर दीवार की रेलिंग चोरी कर ले गए। आसपास पता करने के बाद भी चोरों का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कोर्ट पार्किंग से वकील के मुंशी की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** कोर्ट की पार्किंग से एक चोर वकील के मुंशी की बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस को दर्ज शिकायत में हजारीवास निवासी संजय कुमार ने बताया कि वह घर से बाइक लेकर कोर्ट आया था। उसने अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी की थी। बाजार जाने के लिए वह पार्किंग में आया तो उसे बाइक गायब मिली। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति चादर ओढ़े उसकी बाइक को चोरी करता नजर आ रहा है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बाइक की चपेट में आकर साइकिल सवार घायल

**रेवाड़ी।** नाईवाली चौक फ्लाईओवर के पास बाइक की चपेट में आकर साइकिल सवार घायल हो गया। पुलिस शिकायत में अटेली मंडी निवासी राजपाल ने बताया कि वह गुरूग्राम की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड है। वह साइकिल पर फ्लाईओवर से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान एक बाइक चालक ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी।

### दिव्यांगजन सहायक उपकरण व बैटरी चालित तिपहिया साइकिल वितरण समारोह आयोजित

# 198 दिव्यांगों को 378 सहायक उपकरण व बैटरी चालित तिपहिया साइकिल सौंपे

- एपीसीपीएल की ओर से जारी 50 लाख रुपये की राशि के उपकरण वितरित
- जब किसी चीज को हम दिल से चाहते हैं तो पूरी कायनात हमें उससे मिलने की कोशिश में जुट जाती है : उपायुक्त
- हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए : मोनिका गुप्ता



नारनौल। अंध विद्यालय की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करती डीसी मोनिका गुप्ता तथा दिव्यांगजनों को बैटरी चलित तिपहिया वाहन वितरित करती उपायुक्त मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जब कहते हैं ना जब किसी चीज को हम दिल से चाहते हैं तो पूरी कायनाथ हमें उससे मिलने की कोशिश में जुट जाती है। आज इसी का नतीजा है कि मेरे साथ स्टेज पर उपस्थित लोगों की मेहनत से यह संभव हो पाया है। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से सभागार में आयोजित दिव्यांगजन निःशुल्क सहायक उपकरण व बैटरी चालित तिपहिया साइकिल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर योजना के तहत दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस समारोह में पहले से एलिम्को भारत सरकार के उपक्रम की ओर से चिंहित किए गए 198 दिव्यांग नागरिकों को 378 सहायक उपकरण व बैटरी चालित तिपहिया साइकिल, हेलमेट, स्मार्टफोन सहित वितरित किए गए। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की इच्छा के अनुरूप एपीसीपीएल व आईजीएसटीपीपी कंपनी के सहयोग से दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी किसी कारण से कोई दिव्यांगजन सहायक उपकरण के लिए रजिस्ट्रेशन कराने से वंचित रह गया था, वह आज भी कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं, ताकि उनको भी जल्द ही सहायक उपकरण वितरित करवाए जा सकें। उन्होंने कहा कि जन्मजात हमारे शरीर में कोई कमी है तो इसका मतलब यह नहीं है कि उस समस्या की वजह से हमें जीवन में हार मान लेनी चाहिए, बल्कि हमें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी ऐसा काम करो की दिव्यांगजन भी आसमान की ऊंचाइयों को छूकर इस जिले व परिवार को अपने ऊपर गर्व महसूस करवाएं।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एपीसीपीएल से मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीबी श्रीनिवास राव, एपीसीपीएल से अतिरिक्त महाप्रबंधक श्रीलता, एलिम्को से योगेशए जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, राकेश वशिष्ठ, डा. एस यादव के अलावा रेडक्रॉस समिति कार्यालय से डा. एसपी सिंह, पवित्रा, रेखा व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

#### एपीसीपीएल की सीएसआर योजना के तहत 378 दिव्यांगजनों को किए सहायक उपकरण वितरित

जिला रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि एपीसीपीएल की सीएसआर योजना के तहत आज 71 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राई साइकिल, 36 को ट्राई साइकिल, 46 को व्हील चेयर, 32 को छड़ी, 120 को बैसाखी, 34 को कान की मशीन, चार को रोलेटर, सात को सुगम्य केन, आठ को स्मार्टफोन व 20 को कैलिपर वितरित किए गए। उन्होंने ने बताया कि 10 जनवरी को राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में दिव्यांगजन सहायक उपकरण व बैटरी चालित तिपहिया साइकिल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें 250 दिव्यांगजनों को लगभग 60 लाख रुपये के उपकरण वितरित किए जाएंगे।

#### सहायक उपकरणों से कर सकेंगे अपना कार्य

उन्होंने कहा कि आज वितरित किए गए बैटरी चालित तिपहिया साइकिल व सहायक उपकरण के माध्यम से अब अपना कोई भी काम अच्छी तरह से कर पाएंगे। डीसी ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी वे कंपनियों के साथ तालमेल करके इस तरह के कार्यक्रम रेडक्रॉस के माध्यम से करवाते रहेंगे। उन्होंने बताया कि एपीसीपीएल की सीएसआर योजना के तहत आज लगभग 50 लाख रुपये की राशि के सामान वितरित किया गया हैं। इससे पहले भी कंपनी की ओर से बैटरी चालित तिपहिया साइकिल वितरण के लिए इस जिले के लिए दी गई थी। डीसी ने रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्य को सफल बनाने में रेडक्रॉस सचिव व उनकी टीम का अहम योगदान रहा है। इस मौके पर उन्होंने नेत्रहीन कन्या विद्यालय की छात्राओं की ओर से प्रस्तुत किए गए स्वागत गीत की भी सराहना की।



महेंद्रगढ़। उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते बलवान फौजी। फोटो : हरिभूमि

# नपा में स्थाई अधिकारियों के बिना रुके विकास कार्य: फौजी

- पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बलवान ने मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका में करीब एक वर्ष से स्थाई अधिकारी नहीं हैं। जिस कारण शहर में नगर पालिका की कार्यकारिणी गठन होने के बाद शहर में कोई विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उक्त विचार पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बलवान फौजी ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को ज्ञापन सौंपते समय व्यक्त किए। ज्ञापन के माध्यम से बलवान फौजी ने बताया कि उनके द्वारा ज्ञापन के माध्यम से सरकार को इस बारे में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक नगर पालिका में स्थाई अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हुई है। अधिकारी शहर में विकास कार्य शुरू करने की बजाय गलत तरीके से एनडीसी जारी करके भ्रष्टाचार कर रहे हैं। पिछले दिनों गलत एनडीसी जारी करने में मामले में जेई अभी भी नगर पालिका में कार्यरत है, जबकि उस मामले में दोषी थे। सरकार को उनका तबादला करके किसी अन्य अधिकारी को लगाना चाहिए। उनका कहना है कि आठ माह बीत जाने के बाद भी अभी तक शहर में कूड़ा उठान का टेंडर जारी नहीं हो पाया है। शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, लेकिन स्थानीय नेताओं और अधिकारियों का जनता की परेशानी की तरफ कोई ध्यान नहीं जा रहा हैं। इसके अलावा स्ट्रीट लाईट के अभाव में शहर में अंधेरा छाया हुआ हैं। अभी तक नगर पालिका के जो टेंडर जारी हुए हैं अधिकारियों ने इन टेंडरों को मिलीभगत करके अपने रिश्तेदारों को दे दिए हैं। इसलिए सभी टेंडर को रद्द करना चाहिए।

#### पांच साल से आईएमटी का इंतजार

वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री की ओर से गांव खुड़ाना में आईएमटी बनाने की घोषणा की गई थी, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री की घोषणा धरातल पर नहीं उतर पाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष नारनौल को अलग जिला बनाने की भी मांग रखी। इस अवसर पर डॉ. धर्मवीर यादव पायगा, वारंट ऑफिसर राम भगत यादव, ऑल इंडिया वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रमुख सूबेदार साहब व सुल्तान आदि मौजूद थे।

# धनौंदा में आठ से होगी फुटबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- इच्छुक टीमें सात जनवरी तक अपनी एंट्री फीस जमा करवा सकती हैं।



ठाकुर अतरलाल

कनीना क्षेत्र के गांव धनौन्दा में 69वीं बाबा दयाल एक पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आठ जनवरी से 11 जनवरी तक किया जाएगा।

आयोजन समिति के सदस्य डॉक्टर मुकेश तंवर, भूपेंद्र सिंह व अशोक सिंह ने बताया कि गांव धनौंदा में प्रतिवर्ष होने वाली चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन जनसेवा मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन बाछौदिया बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। वहीं प्रतियोगिता के समापन पर 11 जनवरी को प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो बसपा नेता ठाकुर अतरलाल एडवोकेट मुख्य अतिथि रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित कैप्टन ओमपाल सिंह तंवर विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि एक टीम में अधिकतम तीन खिलाड़ी बाहर से हो सकते हैं। उनके अलावा सभी खिलाड़ी एक ही पंचायत के होने चाहिए। प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये और द्वितीय पुरस्कार 41 हजार रुपये रखे गए है।

इसके अतिरिक्त आठ जनवरी को उद्घाटन वाले दिन 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर की ओपन दौड़ प्रतियोगिता तथा बुजुर्गों की 100 मीटर की दौड़ भी करवाई जाएगी। इच्छुक टीमें सात जनवरी तक अपनी एंट्री फीस जमा करवा सकती हैं।

### प्लॉट में से तीन बकरी चोरी, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव दुलोठ अहीर में अज्ञात चोर प्लॉट से दिन-दहाड़े तीन बकरी चोरी करके ले गए है। पीड़ित ने पुलिस थाने में शिकायत देकर बकरी बरामद करने चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव दुलोठ अहीर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि तीन जनवरी को दोपहर 12 बजे के आसपास उसके प्लॉट में तीन बकरी बंधी हुई थी। बिल्कुल रोड के पास है एक अनजान गाड़ी जिसका नंबर सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिया है। गाड़ी चालक ने उसके प्लांट के पास गाड़ी रोककर तीन बकरी चोरी करके ले गए है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि इसकी तलाशी करके बकरी बरामद की जाए।

# चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सेंधमारी कर दुकान के गल्ले से नकदी चोरी करने के मामले में सीआईए ने कार्रवाई करते दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान दीपक कुमार उर्फ टाली वासी मोहल्ला बड़का कुआं व पूर्ण उर्फ मूसा वासी मोहल्ला सलामपुरा के रूप में हुई। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया।

रिमांड के दौरान आरोपितों से सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में पुलिस ने आरोपितों के पास से नकदी बरामद की है। जांच में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपितों पर पहले भी छीना-झपटी का मामला दर्ज है। आरोपितों को फिर से न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता अमित वासी मोहल्ला खड़खड़ी ने थाना शहर में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें उसने बताया कि पुरानी अनाज मंडी में उसने दुकान कर रखी है। रात को वह दुकान सही सलामत देख के गया था, सुबह करीब पांच बजे चाय वाले का फोन आया, उसने बताया कि दुकान पीछे से तोड़ कर चोरी हुई है। इस पर वह दुकान पर पहुंचा और दुकान का ताला खोल के देखा तो गल्ला खुला हुआ था और उसमे से नकदी गायब थी। ध्यान से देखने के बाद कुछ पंसारी का सामान भी कम पाया।

शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ में नकदी बरामद की है।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

# चित्र और पत्रक बांटने के कार्य का समापन



महेंद्रगढ़। महिलाओं को चित्र व पत्रक बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

- 22 जनवरी को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में मनाएंगे दिवाली

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में बड़ी खुशी के साथ दीप जगाकर दीपावली मनाने का निमंत्रण देने के लिए वार्ड नंबर-10 में रविशंकर तिवाड़ी के नेतृत्व में उनकी टोली द्वारा अयोध्या से आए अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक बांटने का कार्य संपन्न हो गया है। कार्यक्रम नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी व नगर पालक महावीर भांडोरिया ने बताया कि गांव पायगा में मनोज, संदीप व टींकू ने इस पावन कार्य को संपन्न कर दिया है। उन्होंने बताया कि शहर के वार्ड नंबर-पांच में नगर पालिका उपप्रधान मंजू कौशिक व उनकी टोली द्वारा घर-घर पहुंचकर वितरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। शहर के 15 वार्डों की बनाई गई, पांच बस्तियों में लोगों को निमंत्रण दिए जाने का यह कार्य एक जनवरी से चल रहा है और यह 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।

### मारपीट करने के आरोप में चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज

**कनीना।** गुढ़ा गांव के एक युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक मालूम सहित तीन-चार अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में सुधीर वासी गुढ़ा ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 26 दिसंबर को रसूलपुर में रोहतास के प्लाट में था। इस दौरान सुरेंद्र निवासी बचीनी तीन-चार साथियों के साथ आया और उनपर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। आरोपितों ने उनकी जेब से 7200 रुपये भी छीन कर ले गए। सुधीर ने बताया कि आरोपित सुरेंद्र नशे का कारोबार करता है, जिसे 20 ग्राम स्मैक के साथ सीआईए नारनौल को पकड़वाया था। जिसकी रंजिश के चलते वह झगड़ा कर धमकी दे रहा है। पुलिस ने मारपीट के आरोपित सुरेंद्र सहित तीन-चार अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# महाराणा प्रताप चौक के पास झुग्गियों में बांटे गर्म वस्त्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। जरुरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- सिलाई सेंटर व झुग्गी पाठशाला में बच्चों को स्वेटर वितरित

शहर की सामाजिक संस्था प्रयास श्री बालाजी संस्था द्वारा गत एक माह से नए पुराने गर्म वस्त्र वितरण अभियान जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महाराणा प्रताप चौक के पास संस्था द्वारा संचालित सिलाई सेंटर व झुग्गी पाठशाला में बच्चों को स्वेटर वितरित की गई। संस्था सदस्य अनिल कुमार ने बताया कि हमें अपने नेक कमाई में से जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। हमारी संस्कृति में दान का विशेष महत्व है और ये समय स्थिति के अनुसार दिया जाए तो सबसे बेहतर होता है। इस वक़्त सर्दी के मौसम में जो झुग्गी बस्ती में रहते हैं उनके लिए गर्म वस्त्र की विशेष जरूरत है। संस्था सचिव सज्जन सिंह ने बताया कि संस्था हर वर्ष दीपावली के बाद ही नए व पुराने वस्त्र एकत्रित करने लग जाती है। संस्था से जुड़े सैकड़ों साथी इस पुनीत कार्य में सहयोग करते हैं। जैसे ही सर्दी का प्रारंभ होती है जरूरत के अनुसार के विभिन्न जिलों में संस्था के सदस्य इन वस्त्रों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में लग जाते हैं। आम जन से यह प्रार्थना है कि वह अपनी ने कमाई से संभव सहयोग करें। इस अवसर पर संस्था प्रमुख मनोज मेघनवास, संदीप, धीरज आदि का विशेष सहयोग रहा।

### कांग्रेसी नेता संदीप की माता का निधन

- अंतिम यात्रा में गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए

**नारनौल।** कांग्रेसी नेता एवं अग्रवाल वैश्य समाज के जिला प्रधान संदीप नूनीवाला की 78 वर्षीय माताजी कृष्णा गुप्ता समाजसेवी का निधन हो गया। उनके जेष्ठ पुत्र महेंद्र नूनीवाला ने उनको मुखाग्नि दी। उनके पुत्र धर्मेंद्र नूनीवाला, अरुण नूनीवाला, विनय नूनीवाला व शहर के गणमान्य व्यक्ति उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

### भीलवाड़ा के रितिक ने जीव विज्ञान में की जेआरएफ



**मंडी अटेली।** अखिल भारतीय स्तर पर पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में आईसीएमआर-जेआरएफ की परीक्षा को गांव भीलवाड़ा निवासी रितिक पुत्र सुरेंद्र सिंह ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा अटेली के सरकारी स्कूल से पास की थी। अपनी उच्च शिक्षा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में जैव रसायन विभाग से की है। रितिक कैंसर विषय में शोध पेपर पर भी काम किया है। जेआरएफ के अलावा सीएसआईआर-नेट दो बार पास किया है। युवा ने डीबीटी-जेआरएफ, एएसआरबी-नेट, गेट-लाइफ साइंस, गेट-बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षाएं भी पास की हुई है। उसने बैगर कोचिंग से इन सभी परीक्षाओं को पास कर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। उसने अपनी सफलता को श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, परिवार और दोस्तों को दिया है। उसके पिता साधारण किसान है, जो गांव में दुग्ध डेयरी की हुई है।




मंडी अटेली। एनएसएस कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेवक स्वच्छता जागरुकता रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया : सीताराम यादव

# आमजन को जन कल्याणकारी नीति बनाकर लाभ दिया : डा. अभय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल





नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते अटेली विधायक सीताराम यादव तथा उज्ज्वला योजना के तहत पात्र नागरिकों को एलपीजी गैस कनेक्शन देते नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शुक्रवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव खेड़की व खायरा, अटेली खंड के बोचड़िया व हसनपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव आसरावास व नायन तथा निजामपुर खंड के सरेली व नांगल दुर्गू गांव में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव बोचड़िया व हसनपुर में अटेली विधायक सीताराम यादव तथा आसरावास, नायन व नांगल दुर्गू में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं खायरा में भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य नवीन शर्मा व खेड़की में पंचायत समिति सदस्य रणबीर ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सरेली गांव में आयुष विभाग से एसएमओ सोनिया चौधरी ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे है, लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए है, उनके आवेदन मौके पर करवाए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार ने डा. भीमराव आंबेडकर आवास योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये दे रही है। विवाह शगुन योजना के तहत 71 हजार रुपये कन्यादान के रूप में दिए जा रहे हैं। नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आमजन को जन कल्याणकारी नीति बनाकर लाभ दिया है। ग्राम दर्शन पोर्टल से गांव का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के जरिए सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उनके घर द्वार पर ही दिया जा रहा है।

#### आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा छह जनवरी को महेंद्रगढ़ खंड के गांव जोनावास, सतनाली खंड के गांव सोहला, अटेली खंड के बजाड़ व गणियार, नांगल चौधरी खंड के गांव बामनवास खेता व कालबा तथा निजामपुर खंड के गंगुताना व गोलवा गांव में जाएगी। प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली है, ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

- चंपा देवी राजकीय विद्यालय मंडी अटेली में एनएसएस शिविर जारी

चंपा देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी अटेली में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। शिविर में 50 स्वयं सेवक हिस्सा ले रहे हैं। एनएसएस अधिकारी कविता ने बताया कि शिविर में स्वयं सेविकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि सामाजिक मुद्दों पर शिविर में जागरूक किया जा रहा है। स्वयं सेविकाओं ने स्कूल से जागरूकता रैली शुरू कर अटेली कस्बे के विभिन्न रास्तों से गुजरी, जिसमें स्वच्छता के प्रति नारे लगाए गए। एनएसएस अधिकारी कविता ने बताया कि शिविर सात जनवरी का सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच सम्पन्न होगा। शिविर में बच्चों में समाज के प्रति उत्तरदायित्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। एनएसएस अधिकारी नरेश कुमार व बाबू कृष्ण कुमार ने भी शिविर में अना सहयोग किया।

## खबर संक्षेप

### भगवान पारसनाथ जी का जन्मदिन व महोत्सव कल

**नारनौल।** भगवान पारसनाथ जन्मदिन व तप कल्याणक महोत्सव सात जनवरी को दिगंबर जैन मंदिर में मनाया जाएगा। मंदिर के पूर्व मीडिया प्रभारी गोपाल जैन बताया कि इसमें विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रातः सात बजे भूगर्भ से प्राप्त अतिशयकारी प्राचीन प्रतिमा का अभिषेक, शांति धारा, सामूहिक पूजा व आरती होंगी। अभिषेक व पूजा करने आने वाले 8 से 18 साल तक के जो बच्चे सम्मानित होंगे।

### मेरा भारत, विकसित भारत भाषण स्पर्धा 10 को

**नारनौल।** नेहरू युवा की मेरा भारत-विकसित भारत-2047 विषय पर राजकीय पीजी कॉलेज में 10 जनवरी को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता होगी। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि इसमें प्रथम स्थान पाने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगितामें हिस्सा लेंगे। आवेदक की आयु 12 जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक जिला महेंद्रगढ़ का स्थायी निवासी हो।

### पति ने पत्नी को पीटा केस दर्ज

**कनीना।** गांव बेवल में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने अपने पति के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रीना देवी ने बताया कि उसके पति ने दो जनवरी को शाम के समय उसके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में सास ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे रोहतक रेफर कर दिया।

### मां की रस्म पगड़ी वाले दिन पुत्र का निधन

**मंडी अटेली।** गांव दुबलाना में मां की रस्म पगड़ी के दिन पुत्र का निधन हो गया। दुबलाना के हवासिंह बौद्ध की 92 वर्षीय दादी जानकी देवी का निधन 28 दिसंबर को हो गया था। शुक्रवार को उसके 68 वर्षीय पुत्र राम अवतार का हार्ट अटैक से निधन हो गया। इससे रस्म पगड़ी के लिए एकत्रित रिश्तेदार व मित्रों में मातम छा गया। परिवारजनों व रिश्तेदारों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया।

# नर्सिंग ऑफिसर गैरहाजिर, दूसरा नशे में धुत, सुपरवाइजर भी नहीं मिला

## सीएम फ्लाइंग की रात को अस्पताल में रेड, जच्चा-बच्चा वार्ड में मिली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नागरिक अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड में आए दिन यह शिकायत मिलती है कि यहां तैनात स्वास्थ्य कर्मी मरीज या उनके अभिभावकों को डिलीवरी के दौरान खतरा बताकर रेफर करते है और निजी अस्पताल में भेजकर कमीशन लेते है। लड़का होने पर बधाई के नाम पर पैसा भी लिया जाता है। इन शिकायतों के बाद वीरवार रात सीएम फ्लाइंग टीम ने नागरिक अस्पताल में रेड मारी। जो शिकायत थी, उसको लेकर तो कोई सबूत नहीं मिला। हां, इस रेड के दौरान एक नर्सिंग ऑफिसर व अस्पताल सुपरवाइजर जरूर गैर हाजिर मिले। यहीं नहीं, एक नर्सिंग ऑफिसर शराब में धुत मिला। जिसका मेडिकल भी मौके पर करवाया गया। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी ने बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार गजेसिंह की अगुवाई में नागरिक अस्पताल में वीरवार रात करीब साढ़े नौ बजे टीम पहुंची। इस टीम में सीएम फ्लाइंग की तरफ से एएसआई सचिन कुमार की टीम सर्वप्रथम जच्चा-बच्चा वार्ड में पहुंची। जहां चिकित्सक कुदरत हाजिर मिली। उनके साथ रोस्टर मुताबिक कविता व रिना भी थी। मौके पर एडमिट 22 जच्चा व उनके परिजनों से पूछताछ की गई। जिन्होंने बताया कि हमें स्टाफ द्वारा आते ही एडमिट कर लिया गया। किसी भी स्टाफ ने कोई रुपये की डिमांड नहीं की। ना ही बधाई के नाम पर कोई पैसा लिया गया। ना ही प्राइवेट हॉस्पिटल में जाने बारे सलाह दी गई। स्टाफसे कोई शिकायत नहीं है। इसके अतिरिक्त लैब अटेंडेंट दीपक भी ड्यूटी पर था।

### चालक भी नहीं मिला

इस रेड के दौरान एंबुलेंस कंट्रोल रूम चैक करने पर चालक सुरजीत की (एचकेआरएन) ड्यूटी पर हाजिर नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त जच्चा-बच्चा वार्ड में सफाई व्यवस्था का भी बुरा हाल दिखाई दिया। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए दिखे। इस मौके पर सीआईडी से संजय पाल भी मौजूद थे।



### गैरहाजिर मिले दो

सीएम फ्लाइंग के निरीक्षण के दौरान आईसीयू में रॉस्टर मुताबिक नर्सिंग ऑफिसर सावन कुमार यादव की ड्यूटी थी, वह हाजिर नहीं मिला। अस्पताल सुपरवाइजर भूपेश पालीवाल भी ड्यूटी से गैर हाजिर पाया गया। इसके अतिरिक्त नर्सिंग ऑफिसर राजबीर की ड्यूटी रिकॉर्ड मुताबिक वीरवार को दोपहर दो बजे से शाम आठ बजे ड्यूटी लगी हुई थी। वह इस निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में शराब का सेवन करते हुए पाया गया। जिसकी अलग से दरखास्त लिखकर मेडिकल परीक्षण इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सक भूपेंद्र की ओर से करवाया गया। उन्होंने लिखित रिपोर्ट में 'मुंह में मौजूद शराब की गंध' दर्शाया है। इन गैरहाजिर अधिकारी व कर्मचारियों और अस्पताल में शराब सेवन करने वाले कर्मचारी राजबीर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक को लिखा जाएगा।

# तय रेट से कम पर कर रहे थे शराब की बिक्री, दो शराब ठेके किए सील

**नारनौल।** ठेकों पर शराब के रेट तय है। आबकारी विभाग के नियमों की बात करें तो तय किए गए रेट से कम कोई शराब नहीं बेच सकता।



बावजूद शहर में ऐसा हो रहा है। जब यह शिकायत सीएम फ्लाइंग तक पहुंची तो आबकारी विभाग व सीआईडी की संयुक्त टीम के साथ छापेमारी की। इस दौरान दो शराब ठेके को सील किया गया। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी, आबकारी विभाग नारनौल व सीआईडी की संयुक्त टीम ने वीरवार शाम को नारनौल के आस-पास छापेमारी की। इस टीम में सीएम फ्लाइंग से निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, आबकारी विभाग से निरीक्षक मोतीराम और सीआईडी की ओर से उप निरीक्षक विनोद कुमार सहित पूरी टीम थी। इस दौरान जगदीश वाइंस एंड कंपनी बायपास रोड में छापेमारी की। जिसने आबकारी नियमों का उल्लंघन किया हुआ था। इसके बाद टीम राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 11 सिंघाना रोड पर पहुंची। वहां पर सत्येंद्र एंड कंपनी का शराब ठेका है। यह भी आबकारी के सभी नियमों का अवहेलना कर रहा था। दोनों शराब ठेकों पर तय किए गए रेटों से कम कीमत पर शराब बेचते हुए पाए गए। इस कारण दोनों शराब ठेके को मौके पर सील किया गया।

## अंडरपास निर्माण को लेकर अधिकारियों से खफा ग्रामीण

# ताजीपुर में धौलेड़ा मार्ग पर साइड में बना दिया अंडरपास

लोकनिर्माण विभाक कर है निर्माण, 90 डिग्री कोण पर मुड़ने से हादसों का डर, धौलड़ा मार्ग की जगह नया अंडरपास बनाने की मांग



नारनौल। ताजीपुर में निर्माणाधीन अंडरपास। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाए जा रहे लॉजिस्टिक हब सड़क मार्ग में गांव ताजीपुर में धौलेड़ा क्रॉसिंग सड़क मार्ग पर फ्लाईओवर का अंडरपास साइड में बना दिया गया है, जिस कारण धौलेड़ा सड़क मार्ग अब आरपार सीधे तौर पर दिखाई नहीं देता, जबकि फ्लाईओवर के अंडरपास पर बिल्कुल 90 डिग्री के कौण पर मुड़ना पड़ता है। इस कारण यह अंडरपास ग्रामीणों को खतरनाक हादसे का प्वाइंट नजर आने लगा है तथा उनका तर्क है कि यहां पर सड़क हादसे बढ़ेंगे। इससे ग्रामीण भयभीत हैं। इसलिए धौलेड़ा सड़क मार्ग वाली जगह पर नया अंडरपास बनाया जाना चाहिए, ताकि खतरनाक मोड़ से बचा जा सके और सड़क अंडरपास के अंडर आरपार सीधे दिखाई दे सके और आमने-सामने की सीधी टक्कर से बचा जा सके।

लोक निर्माण विभाग इन दिनों गांव ताजीपुर में अधूरे लॉजिस्टिक मार्ग को पूरा करने में लगा हुआ है। यहां पर जमीन को लेकर पंचायत से एचएसआईडीसी का विवाद था, जो अब पंचायत विभाग के निदेशक के हस्तक्षेप के बाद विवाद तो निपट गया है, लेकिन नई समस्या खड़ी हो गई है। यहां पर बनाए जा रहे फ्लाईओवर में अंडरपास धौलेड़ा सड़क मार्ग पर बनाने की बजाए उससे कुछ हटकर बना दिया गया है। इस कारण जब लोग नारनौल की तरफ से धौलेड़ा मार्ग पर जाते हैं तो अंडरपास के नीचे एकदम से 90 डिग्री पर मुड़ना पड़ता है तथा फ्लाईओवर के कारण सामने का कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस कारण इस अंधे मोड़ को लेकर ग्रामीणों को परेशानी हो गई है।

### पहले निकलने में थी आसानी

जब फ्लाईओवर अधूरा था, तब लोग अंडरपास से निकलने की बजाए धौलेड़ा सड़क मार्ग की पहले से बनी सड़क पर सीधे आसानी से निकल जाते थे, लेकिन अब फ्लाईओवर का निर्माण शुरू करने के चलते यह मार्ग बंद कर दिया गया है तथा लोगों को अंडरपास के नीचे से गुजरना पड़ रहा है। जिस कारण यहां हमेशा हादसों का डर बना रहता है। फिलहाल फ्लाईओवर के कारण यहां की सड़क टूटी पड़ी है और टूटी सड़क में वाहन धीमी गति से चलते हैं और धीमी गति के कारण वाहन एक-दूसरे से बचकर निकल जाते हैं, लेकिन जब फ्लाईओवर एवं सड़क पूरे हो जाएंगे, तब वाहनों की स्पीड बढ़ जाएगी और अंडरपास के नीचे हमेशा हादसों का खतरा बना रहेगा।

खातौली निवासी शमशेर सिंह यादव, जिलेसिंह नंबरदार, कंवर सिंह यादव, लखपत नंबरदार, सुनील पंच, विक्रम सरपंच, अजय यादव एवं विजय सिंह आदि ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास एकदम गलत बनाया गया है। यह अंडरपास धौलेड़ा वाली सड़क पर ही होना चाहिए था, ताकि वाहन एक-दूसरे को दूर से दिखाई दे जाते, लेकिन अब अंडरपास में एकदम से 90 डिग्री पर मुड़ना पड़ता है तथा सामने से कुछ दिखाई भी नहीं देता है। इस कारण यहां हादसों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से मांग की कि फ्लाईओवर के नीचे एक और अंडरपास बनाया जाए, ताकि अंडरपास पार करने में कोई दिक्कत न आए तथा हादसों का खतरा भी टल सके।



नारनौल। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के घरों में सप्लाई में आया गंदा पानी।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पांच दिन से हो रही सीवर के गंदे पानी की आपूर्ति, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एकतरफ जनस्वास्थ्य विभाग एवं प्रदेश सरकार लोगों को पर्याप्त शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने का दावा करते नहीं थक रहे, वहीं दूसरी ओर शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पिछले पांच दिनों से सीवरयुक्त गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिसे लोग पीकर बीमार पड़ रहे हैं और जल जनित रोगों उल्टी, दस्त, पेट दर्द एवं डायरिया जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। कमाल की बात तो यह है कि जब पहली बार गंदा पानी आया था, उसी दिन लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत कर दी थी, लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई है और हाउसिंग बोर्ड में निरंतर गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। हाउसिंग बोर्ड निवासी एवं जागरूक नागरिक गिरीश खेड़ा, वर्षा, सुरेश, लाजपत सिरोहा, हरकेश वर्मा व अर्पण है शर्मा आदि ने बताया कि कॉलोनी में इन दिनों बहुत ही गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिससे बदबू आती है तथा बीमारियों फैलने का खतरा बना रामनगर में कहीं पीने के पानी की लाइन क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत करने में पहले काफी समय लग चुका है और अब पुनः वहीं पर वही समस्या उत्पन्न हो गई है। ब गंदे पानी की आपूर्ति हुई थी, जनस्वास्थ्य विभाग के जूनियर इंजीनियर को इससे अवगत करा दिया था, लेकिन अब पांच रोज हो गए, वही स्थिति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि यह पानी बहुत ही गंदा होने की वजह से वह पीने के पानी को तरस गए हैं। नलों में आया गंदा पानी घरों में बने वाटरटैंकों में भी भर गया है तथा अब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रह रहे लोगों के पास न पीने को पानी बचा है और न ही नहाने-धौने को पानी है। पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के अभाव में कॉलोनिवासियों का जीना दूभर हो गया है। कई लोगों ने अपने यहां वाटर टैंकर मंगवाने शुरू कर दिए हैं तथा पूरी कॉलोनी का गंदे पानी की आपूर्ति से बुरा हाल है। उन्होंने जिला प्रशासन से आवश्यक हस्तक्षेप करे।

### गांव गया हुआ था परिवार, पीछे बंद मकान में लाखों कीमत के आभूषण चोरी

**नारनौल।** शहर में केशवनगर में रहने वाला एक परिवार मकान के ताला लगाकर गांव चला गया। अगले दिन लौटा तो ताले टूटे हुए थे। अंदर देखा तो लाखों रुपये के आभूषण चोरी मिले। एक वाशिंग मशीन भी चोर चुराकर ले गए। फिलहाल सिटी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आईपीसी की धारा 380,457 के तहत केस दर्ज कर लिया है। गांव दनचौली वासी सुरेंद्र सिंह इन दिनों शहर के केशवनगर में रहता है। उसने शिकायत में बताया है कि वीरवार को वह बच्चों के साथ गांव दनचौली चला गया था। शुक्रवार सुबह वापस आकर देखा तो मकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर दरचाजे की कुण्डी टूटी हुई थी और सामान बिखरा हुआ था। जब देखा तो कमरे के अंदर बैड में रखे छोटे पर्स में से सोने की चार जोड़ी कान की बाली, चार अंगूठी, एक चांदी की पायल, सोने के मंगल सूत्र व एक टेवड़ा जिसका वजन छह तोला था, चोरी मिले। इसके अलावा एक वाशिंग मशीन भी नहीं मिली।



# महेंद्रगढ़ कुंड मार्ग को फॉरलेन बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

- चार विधानसभा के 50 से 60 गांवों को जोड़ता है 40 किलोमीटर लंबा बावनियां भोजावास का सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं ग्राम पंचायत की ओर से शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी रामनिवास पाटोदा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से महेंद्रगढ़ से वाया बवानिया-भोजावास रोड को फॉरलाइन बनाने की मांग की। उन्होंने बताया कि यह 40 किलोमीटर का मार्ग चार विधानसभा क्षेत्र के 50 से 60 गांवों को जोड़ता है। इस सड़क का करीब आठ साल से पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। अब यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। टूटी सड़क के चलते करीब 50 गांवों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मार्ग के फोरलेन बनने से महेंद्रगढ़ शहर पूर्व दिशा से भी राजस्थान से सीधा लिंक हो जाएगा। इस मार्ग का 152 डी ग्रीन कॉरिडोर से एचएन-11 रेवाड़ी-नारनौल व कैंटर डिपो राजस्थान राज्य के काठूवास तथा मनेठी में बनने वाले एम्स से सीधा जुड़ाव हो जाएगा और यह सबसे छोटा मार्ग होगा। यह मार्ग फोरलेन होने के बाद यहां उद्योग धंधे स्थापित होंगे और पिछड़ापन भी दूर होगा। क्षेत्र के बेरोजगारों को भी रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। इसके अलावा जवाहर लाल नहर के गांव सुरजनवास के समीप एनबी 2 पंप के हाउस के पुल का दोबारा निर्माण करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण वर्ष 1980 में हुआ था। अब पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका हैं। कभी भी यह पुल टूटकर गिरकर सकता हैं। इसके निर्माण को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों से भी मिल चुके हैं। वहीं पिछले वर्ष बवानियां में आयोजित हुए मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम में भी यह मुद्दा उठाया था। इसको बावजूद भी पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया।



**महेंद्रगढ़।** डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। **फोटो: हरिभूमि।**

### दिल्ली-जैसलमेर-रूणिचा एक्सप्रेस ट्रेन में बढ़ी बोगी

**नारनौल।** रेलवे ने अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु दिल्ली-जैसलमेर-दिल्ली रूणिचा एक्सप्रेस में दो द्वितीय शयनयान व एक थर्ड एसी डिब्बे की स्थाई तौर पर बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया गाड़ी संख्या 14087-14088 दिल्ली-जैसलमेर-दिल्ली रूणिचा एक्सप्रेस रेलसेवा में दिल्ली से 13 जनवरी से व जैसलमेर से 14 जनवरी से दो द्वितीय शयनयान व एक थर्ड एसी डिब्बे स्थाई बढ़ोतरी की जाएगी।

ना कुछ खोया, ना कुछ पाया, नेकी करी कमाई कर समाज सेवा, पदवी "बड़ी माँ" की पाई



आदरणीया माता चित्रा देवी जी
की 22 वीं पुण्यतिथि
पर शत्-शत् नमन
आपकी सत्यनिष्ठा सदैव हमारे लिए प्रेरणादायी बनी रहेगी।
सौजन्य से
- Maharana Pratap Engineering College, Dhanaunda
- Maharana Pratap Polytechnic, Dhanaunda
- Maharana Pratap College of Education, Dhanaunda
- Pitamah Umda Singh College of Education, Dhanaunda
- Brilliant Sr. Sec. School, Dhanaunda (Mohindergarh)

ठाकुर अतरलाल एडवोकेट – पुत्र मो. 9034793749

## पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा जिला महेंद्रगढ़: दुष्यंत चौटाला

# 620.38 लाख से संक्षरित होगा छत्ता राय बाल मुकुंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिला ऐतिहासिक धरोहरों के मामले में बहुत समृद्ध है। आने वाले समय में यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र बनेगा। गठबंधन सरकार लगातार इन धरोहरों को संरक्षित करने के लिए कार्य कर रही है। डिप्टी सीएम शुक्रवार को ऐतिहासिक छत्ता राय बाल मुकुंद दास के संरक्षण कार्य के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जल्द ही पर्यटकों को जिले के ऐतिहासिक छत्ता राय बाल मुकुंद दास को देखने का मौका मिलेगा। राज्य संरक्षित स्मारक छत्ता राय बाल मुकुंद दास के संरक्षण कार्य अंतिम चरण में है। बीरबल के छत्ते से मशहूर इस स्मारक पर 620.38 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल को मूल स्वरूप में लाने के लिए अभी 30 फीसदी कार्य शेष बचा है, जिसके लिए अलग से टेंडर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ जिला में अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं। ऐसे में आने वाले समय में देसी विदेशी पर्यटकों के लिए यह जिला आकर्षण का केंद्र बनने वाला है। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अश्वनी कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, अभिमन्यु राव, जेजेपी के जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा, एडवोकेट तेजप्रकाश, प्रवक्ता सिकंदर गहली के अलावा अन्य नागरिक भी मौजूद थे।



**नारनौल।** ऐतिहासिक छत्ता राय बाल मुकुंद दास के संरक्षण कार्य का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला। **फोटो: हरिभूमि**

### यह है दीवान रे-ए-रयान मुकुंद दास के छते की खासियत

शाहजहां 1628-1666 ई के शासनकाल के दौरान शहर के दीवान रे-ए-रयान मुकुंद दास की ओर से निर्मित यह विशाल इमारत कुशलतापूर्वक योजना से बनाई गई है। इसे बीरबल का छत्ता के नाम से जाना जाता है। यह बिना किसी अतिरिक्त बदलाव या बदलाव के अपने मूल डिजाइन को बरकरार रखता है। राय मुकुंद दास की यह चार मंजिला हवेली की दक्षिणी दीवार में बना चबूतरा हवेली को एक शाही स्वरूप प्रदान करता है। इस मंजिल पर पश्चिम की ओर एक ऊंचा प्रवेश द्वार है। इस प्रवेश द्वार के अग्रभाग पर हाथियों की लड़ाई का दृश्य अंकित है। प्रवेश द्वारों की छतें और शीर्ष, उत्तर-पूर्व कोने में मंडप में नेट-वॉल्टिंग के निशान ओर आकर्षक हैं। इस प्रवेश द्वार से अंदर की ओर जाने वाला संकरा मार्ग चार तीव्र मोड़ लेता है। इस हवेली के प्रत्येक खंड में एक खुला आंगन है, जो विभिन्न आकार के कमरों और बरामदों से घिरा हुआ है। दक्षिणी ओर के दो बड़े कमरों में मेजानाइन फर्श थे, जो अब ढह गए हैं। बरामदे में संगमरमर के खंभों का आधार वर्गाकार है, लेकिन शाफ्ट बहुकोणीय हैं। इस मंजिल पर दो मुख्य संरचनाएं दक्षिणी दीवार में झरोखा या पालना बालकनी और मुख्य द्वार के ऊपर दक्षिण-पश्चिम कोने में एक बड़ा हॉल है। बालकनी में एक आयताकार पालना है और इसके ऊपर एक बंगलादार या घुमावदार छत है। निचली मंजिल के सभी स्तंभ संगमरमर के हैं। हॉल की पश्चिमी दीवार में क्रॉस-वेंटिलेशन के लिए तीन खुले स्थान हैं। हवेली के पूर्व में स्पष्ट राजस्थानी चरित्र की एक अलग संरचना खड़ी है। ऐसा माना जाता है कि यह संरचना हवेली के चारों ओर के घेरे का प्रवेश द्वार थी। अब इसे मोती महल कहा जाता है, जिसमें एक केंद्रीय मेहराबदार उद्घाटन और ऊपरी स्तर पर उभरी हुई बालकनियां हैं। एक विशिष्ट हिंदू वास्तुशिल्प विशेषता छज्जा या गहरी गुफाओं का उपयोग है।

RASAM PAGRI



With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved
SMT. SHANTI DEVI GUPTA
W/o Late Sh. Kapuri Lal Gupta on 27.12.2023

Rasam pagri will be held on 07.01.2024 (Sunday)
from 2:00 pm to 3:30 pm
at GEETANJALI GARDEN, Murthal Road, Sonipat (Haryana)

In Grief

J.C. Gupta (Son) ETO (Retd.)
CA. Pawan K. Gupta (Son) S. P. Chopra & Co., Chartered Accountants, New Delhi
CA. Prateek Gupta (Grand Son)
Ajay Gupta (Grand Son) Ajay Investments Centre, Sonipat
Pankaj Gupta (Grand Son) Gupta Bros., Caterers, Sonipat
Gaurav Gupta (Grand Son) Mateshwari Drugs and General Store, Sonipat, Haryana
Rajnish Gupta (Grand Son)

Mobile.: 98102 77251, 98960 51975, 98964 33438, 98963 51975, 90345 24101
H.No. 3317, Sector-15, Sonipat, Haryana